Need to provide benefit of ?Scheme of Fund for Regeneration of Traditional Industries? to Bronze and Brass industry in Chichli in Hoshangabad Parliamentary Constituency, Madhya Pradesh.-laid

श्री दर्शन सिंह चौधरी **(**होशंगाबाद**) :** मेरे लोक सभा क्षेत्र होशंगाबाद (मध्य प्रदेश) अन्तर्गत नगर परिषद चीचली में लगभग 300 परिवार पारंपरिक/पुश्तैनी रूप से पीतल एवं कांसे के बर्तन आदि बनाने का कार्य करते हैं । आज यह उद्योग वर्तमान में अपनी अंतिम सांसें ले रहा है । इसके लिए सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय द्वारा भारत सरकार की स्कीम ऑफ फंड फॉर रिजेनरेशन ऑफ ट्रेडिशनल इंडस्ट्रीज (स्फूर्ति) के अंतर्गत मेरे लोक सभा क्षेत्र के चीचली शहर में डीएफओ MSME द्वारा 700 से ज़्यादा कारीगरों का वेरिफिकेशन कर, मेटल क्लस्टर की DPR तैयार कराई गई थी । मैं माननीय मंत्री जी से इस पर उचित और त्वरित कार्यवाही कर उद्योग को नई ऊर्जा प्रदान करने का आग्रह करता हूं । 1. क्या सरकार की कोई योजना है जिससे इन परिवार के जीवन को नई दिशा मिल सके. 2. तैयार डीपीआर के संबंध मे विवरण प्रदान करें ।